pan>

Title: Regarding halting facilities for goods trains.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): अध्यक्ष महोदय, मेरठ में मोहिउद्दीनपुर रेलवे स्टेशन के निकट एक बड़ा माल गोदाम है, जिससे कंटेनर डिपो भी जुड़ा हुआ है । इस मालगोदाम में जब भी कोई गाड़ी मोहिउद्दीनपुर रेलवे स्टेशन पर आती है, तो दिल्ली की ओर से आते समय प्लेटफार्म तक रेल लिंक न होने के कारण, पहले गाड़ी स्टेशन पार करके रेलवे क्रॉसिंग को पार करते हुए आगे जाती है, तथापि गाड़ी को बैक करके अनलोडिंग के लिए इस प्लेटफॉर्म पर लगाया जाता है । परिणाम स्वरूप दो घंटे या कई बार इससे भी अधिक समय के लिए रेलवे फाटक बंद रहने के कारण सड़क यातायात अवरूद्ध हो जाता है । गन्ना क्रय के सीजन में मोहिउद्दीनपुर रेलवे स्टेशन से सटी चीनी मिल चालू रहते समय उक्त रेलवे क्रॉसिंग पर भारी संख्या में गन्ने से लदी बुग्गियों व ट्रैक्टरों के अतिरिक्त आवागमन के कारण यह जाम कई-कई घंटों रहता है ।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस रेलवे स्टेशन की तकनीकी निरीक्षण करा कर ऐसी व्यवस्था बनाई जाए जिससे दिल्ली की ओर से आने वाली मालगाड़ियां सीधे माल उतारने के स्थान पर जा सकें तथा रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे यातायात लंबे समय तक अवरूद्ध न होने पाए । सम्बन्धित अधिकारियों को इस हेतु सरकार आदेश देने की कृपा करे । धन्यवाद ।